पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 29 फ़रवरी 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पुडुचेरी में हुई संपन्न।

आगामी लोकसभा चुनाव में विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु अभाविप चलाएगी राष्ट्रव्यापी 'युवा मतदाता जागरूकता अभियान।'

संदेशखाली में जघन्यतम अपराध की घटना के विरुद्ध अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित।

संदेशखाली में घटित अपराधों के विरुद्ध महिला आक्रोश की आवाज बनेगी विद्यार्थी परिषद।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पुडुचेरी स्थित विवेकानंद सीबीएसई स्कूल में संपन्न हुई। इस बैठक में अभाविप द्वारा देश के सभी राज्यों में संचालित शैक्षिक अभियानों की संगठनात्मक समीक्षा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु आगामी अभियानों व किए गए प्रयासों समेत विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई तथा अभाविप की आगामी कार्ययोजना तय की गई।

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला अत्याचार की वीभत्स घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार की उदासीनता तथा अपराधियों के संरक्षण का विरोध करते हुए अभाविप केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में अभाविप ने संदेशखाली को इक्कीसवीं सदी का नोआखली बनाने के षड्यंत्र की कड़ी निंदा करते हुए सरकार की विफलता तथा छद्म पंथनिरपेक्षता का विरोध किया है तथा जनमानस को संदेशखाली की महिला विरोधी वीभत्सता के विरोध में खड़े होने का आह्वान किया है। संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की घृणित मानसिकता का शिकार हुई महिलाओं के आक्रोश को विद्यार्थी परिषद आवाज देगी तथा 5 मार्च को शैक्षणिक संस्थानों में इस घटना का विरोध करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक पर्व में भूमिका सुनिश्चित करने के लिए देश भर के शैक्षणिक परिसरों में एक व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएगी, जिसके माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रयोग हेतु सजग किया जाएगा। लोकतंत्र में सहभागिता तथा मतदान के विषय में विद्यार्थी परिषद छात्रा-छात्रों से सीधा संवाद करेगी। शिक्षा को सर्वसुलभ, सर्वस्पर्शी एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास का समग्र माध्यम बनाने हेतु विभिन्न पहलुओं पर भी बैठक में चर्चा की गई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में शीघ्रता से सुधार किए जाने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु चिंतन कर उसका क्रियान्वयन भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अभाविप देश भर में 'परिसर चलो अभियान' के माध्यम से कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रही है। अभाविप की इस बैठक में शिक्षा, कला, खेल, पर्यावरण समेत अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा के उपरांत निहित समस्याओं के समाधान हेतु वृहद एवं प्रभावी योजना बनाई गई है। भारतीय उदात्त मूल्यों ने पूरे विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है, इन्हीं मूल्यों पर आगे बढ़ते हुए भारतीय युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस विषय पर ध्यान देना होगा कि भारतीय युवाओं के लिए शीघ्रता से नए अवसरों का सृजन हो।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में देश भर में वृहद स्तर पर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना निर्धारित हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में युवा अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें इसके हेतु अभाविप देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगी, सभी जिलों में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेगी एवं लोकतंत्र के इस पावन पर्व को अधिक सार्थकता प्रदान करने में विद्यार्थी व युवा समुदाय की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करेगी।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गयी है।)